# दिनांक 15.11.2016 को उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय "कार्य परिषद्" की अष्टम बैठक का कार्यवृत्त।

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून की अष्टम बैठक दिनांक 15–11–2016 को अपराह्न 2:00 बजे विश्वविद्यालय के नये परिसर के प्रशासनिक भवन के कुलपति कक्ष में प्रो0 पी0के0 गर्ग, माननीय कुलपति/अध्यक्ष कार्य परिषद्, की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में मा0 कुलपति महोदय द्वारा दिये निर्देशों के अनुरूप उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय अधिनियम 2005 धारा 37 के अर्न्तगत निम्नलिखित महानुभावों ने प्रतिभाग किया:–

1. प्रो0 पी0 के0 गर्ग, कुलपति उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून।
2. प्रो0 एस0 के0 गोयल, नामित सदस्य, गोबिन्द बल्लब पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पन्त नगर।
3. अपर सचिव,न्याय, नामित सदस्य न्याय विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
4. श्री जयपाल सिहं तोमर, आमंत्रित सदस्य, वित्त नियंत्रक उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून।
5. श्री एस0पी0 रावत, आंमत्रित सदस्य, उप कुलसचिव, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून।

बैठक का शुभारंभ करते हुए मा0 कुलपति महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों का स्वागत किया गया, तथा उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून के विकास एवं उत्थान में समस्त सम्मानित सदस्यों के सक्रिय सहयोग एवं मार्गदर्शन की अपेक्षा की गयी। मा0 कुलपति महोदय के उक्त उद्बोधन के बाद बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी, जिसमें निम्न निर्णय लिए गये:–

**बिन्दु सं0 :–01**

कार्य परिष्द की सप्तम् बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन।

**विनिश्चय :–** उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय कार्य परिषद की सप्तम बैठक के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिंदु संख्या:– 02**

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह के आयोजन का अनुमोदन।

विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह का आयोजन दिनांक 19 नवम्बर 2016 को कराया जाना है। उक्त पंचम दीक्षांत समारोह का बजट विश्वविद्यालय की 14वीं वित्त समिति की बैठक में अनुमोदन प्रदान किया गया। अतः विश्वविद्यालय



S.G. P.K. Garg Smash

के पंचम दीक्षांत समारोह के आयोजन संबंधी सूचना कार्य परिषद् के मा0 सदस्यों के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

**विनिश्चय :–** उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह के आयोजन की सूचना से मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया उक्त पर चर्चा कर मा0 सदस्यों द्वारा उक्त दीक्षांत समारोह के आयोजनार्थ अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिंदु संख्या:–** 03

विश्वविद्यालय से शैक्षिक सत्र 2012–13, 2013–14, 2014–15 एवं 2015–16 में विभिन्न स्नातक, परास्नातक पाठ्यक्रमों एवं पी0एच0डी0 के उत्तीर्ण छात्रों को उपाधियां प्रदान किये जाने के संदर्भ में चर्चा एवं अनुमोदन।

समिति के समक्ष विद्या परिषद के सप्तम बैठक का कार्यवृत्त प्रस्तुत किया गया, जिस पर समिति के सदस्यों द्वारा विस्तृत चर्चा के उपरान्त विद्या परिषद की बैठक दिनांक 07.11.2016 के कार्यवृत्त के अनुमोदन एवं उक्तानुसार विभिन्न शैक्षिक सत्रों में विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण छात्रों को उपाधियां एवं पदक (स्वर्ण, रजत, कांस्य) दिये जाने का प्रस्ताव समिति के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**विनिश्चय :** उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के पंचम दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय से शैक्षिक सत्र 2012–13, 2013–14, 2014–15 एवं 2015–16 में विभिन्न स्नातक, परास्नातक पाठ्यक्रमों एवं पी0एच0डी0 के उत्तीर्ण छात्रों को उपाधियां प्रदान किये जाने के संदर्भ में मा0 सदस्यों द्वारा उपरोक्त संख्याओं में किसी कारणवश संशोधन होता है तो अध्यक्ष विद्या परिषद को अधिकृत किये जाने पर चर्चा की गयी एवं अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिंदु संख्या:–** 04

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम के ऑर्डिनेंस में संशोधन संबंधी सूचना का अनुमोदन।

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम के ऑर्डिनेस में संशोधन किया गया, जो विद्या परिषद के मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदित है। कार्य परिषद् के मा0 सदस्यों के सूचनार्थ एवं अनुमोदनार्थ।

**विनिश्चय :** उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम के ऑर्डिनेस में संशोधन किया गया, जो विद्या परिषद के मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदित है, की सूचना से कार्य परिषद् के मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया, जिस पर चर्चा कर मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिंदु संख्या:–** 05

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून के स्थापना के उपरांत प्रथमवार विश्वविद्यालय का अपना कुलगीत एवं विश्वविद्यालय ध्वज मा0

कुलाधिपति/राज्यपाल महोदय द्वारा विमोचन किया गया है, सूचनार्थ एवं अनुमोदन।

**विनिश्चय :** उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, देहरादून के स्थापना के उपरांत प्रथमवार विश्वविद्यालय का अपना कुलगीत एवं विश्वविद्यालय ध्वज मा0 कुलाधिपति/राज्यपाल महोदय द्वारा विमोचन किया गया है, जिसकी सूचना से कार्य परिषद् के मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया एवं विश्वविद्यालय ध्वज का प्रत्यक्ष रूप से अवलोकन करवाया गया। विश्वविद्यालय के कुलगीत एवं ध्वज का मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिंदु संख्याः– 06

शासन द्वारा निम्नतालिकानुसार उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के संघटक संस्थान के रूप में खोले गये हैं, कार्य परिषद के मा0 सदस्यों के सूचनार्थ।

| क0सं0 | संस्थान का नाम | शासनादेश सं0/दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | एस0आई0टी0 पिथौरागढ | 1188/XLI-1/2011-81/10 दिनांक 04.11.2011 |
| 2 | टी0एच0डी0सी0–आई0एच0ई0टी0, नई टिहरी | 1224/XLI-1/2011-75/10 दिनांक 20.12.2011 |
| 3 | आई0टी0, गोपेश्वर | 1135/XLI-1/2011–मु.मं0–8/2012 दिनांक 24.12.2012 |
| 4 | डब्ल्यू0आई0टी0, देहरादून | 1346/XLI-1/2011-56/10 दिनांक 14.12.2011 |
| 5 | आई0टी0, बौन (उत्तरकाशी) | 1030/XLI-1/2013–मु.घो–33/12 दिनांक 23.10.2013 |
| 6 | इस्ट्टीयूट ऑफ होटल मेनेजमेन्ट एण्ड कैटरिंग टैक्नोलॉजी,नई टिहरी | 872/XLI-1/2015-103/15 दिनांक 12.08.2015 |
| 7 | आई0टी0 टनकपुर | 748/XLI-1/2013–मु.घो–37/12 दिनांक 08.08.2016 |
| 8 | आई0टी0द्वाकुरा | 855/XLI-1/2015–मु.घो–10/14 दिनांक 03.09.2016 |

उक्त के अतिरिक्त द्रोण कॉलेज ऑफ आर्कटेक्चर, रूद्रपुर निजी संस्थान में सत्र 2016–17 हेतु 5 वर्षीय बी0 आर्क पूर्णकालिक, पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किया गया है, की सूचना एवं अनुमोदन।

शासन द्वारा विश्वविद्यालय के 08 संघटक संस्थान एवं 01 प्राईवेट संस्थान खोले गये है। उक्त संस्थानों के खोले जाने की सूचना पर मा0 सदस्यों से चर्चा एवं अनमोदन।

**विनिश्चय :** उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के संघटक संस्थानों के खोले जाने की सूचना एवं वर्तमान में संचालित हो रहे संस्थानों के संबंध में मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया एवं मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिंदु संख्याः– 07**

तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निम्नलिखित निजी कॉलेजों में संचालित पाठ्यक्रमों में छात्र प्रवेश न होने के कारण संस्थान बन्द हो चुके हैः–

**तकनीकी संस्थान**

1. दून इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमैंट एण्ड टेक्नोलॉजी, राजावाला, देहरादून।
2. सेलाकुई एकेडमी ऑफ हायर एजूकेशन, सेलाकुई देहरादून।
3. वाली ग्रामोद्योग ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स (टैकवर्ड), रूड़की, हरिद्वार।
4. राम इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमैंट, पटेलनगर, देहरादून।
5. द्रोणाज इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमैंट, कालागांव, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून।
6. दून कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी, ठाकुरपुर, प्रेमनगर, देहरादून।
7. दास कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट, देहरादून।
8. गुरू नानक एजूकेशन ट्रस्ट (हरमिश), रूड़की।

**व्यवसायिक संस्थान**

1. उत्तरांचल कॉलेज ऑफ एजूकेशन, सेवला खुर्द, देहरादून।
2. दून वैली इंसटीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी, गढ़ी कैंट, देहरादून।
3. मदर इशरत कॉलेज ऑफ मैनेजमैंट एण्ड टैक्नोलॉजी, नारसन, हरिद्वार।
4. मालिनी वैली कॉलेज ऑफ एजूकेशन, कोटद्वार।
5. ओंकारानन्द इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमैंट एण्ड टैक्नोलॉजी, ऋषिकेश, देहरादून।
6. ब्ल्यू माउंटेन्स ग्रुप ऑफ कालेज, सहस्त्रधारा रोड़, गोविन्द नगर, देहरादून।
7. ग्रीन–वे इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमैंट एण्ड टैक्नोलॉजी, रूड़की।
8. सनराईज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमैंट साइंसेज, ऋषि विहार, मेहुंवाला, देहरादून।
9. अल्पाईन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, प्रेमनगर, देहरादून।
10. साई इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल एण्ड एप्लाइड साइसेंज, राजपुर रोड़, देहरादून।
11. टी0सी0जी0 कॉलेज ऑफ एडवांस टैक्निकल एण्ड मैनेजमेंट स्टडीज, देवी रोड, कोटद्वार।
12. पेलोरिस स्कूल ऑफ बिजनेस एण्ड मैनेजमेंट, चकराता रोड, देहरादून।
13. शकुन्तला लॉ कॉलेज, कारगी चौक देहरादून।

14. दून वेटनरी कॉलेज, रेशम माजरी, हरिद्वार रोड, देहरादून।
उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न तकनीकी एवं व्यवसायिक संस्थान जो कि वर्तमान में बन्द हो चुके है। कार्य परिषद के मा0 सदस्यों के सूचनार्थ।

**विनिश्चय :** तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी संस्थान जो बन्द हो चुके हैं, से मा0 सदस्यों को अवगत कराया, उक्त पर चर्चा कर मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिंदु संख्याः–** 08

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को शैक्षिक सत्र 2016–17 से श्री देव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी को हस्तांतरण किये जाने की सूचना/अनुमोदन।

**विनिश्चय :** उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को शैक्षिक सत्र 2016–17 से श्री देव सुमन विश्वविद्यालय, टिहरी को हस्तांतरण किये जाने की सूचना से मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया, उक्त पर चर्चा कर मा0 सदस्यों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिंदु संख्याः–** 09

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आहूत की गयी वित्त समिति की 7वीं से 13वीं बैठकों के कार्यवृत्त पर चर्चा एवं सम्पुष्टि।

**विनिश्चय :** उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आहूत की गयी वित्त समिति की 7वीं से 13वीं बैठकों के कार्यवृत्त पर चर्चा की गयी एवं मा0 सदस्यों द्वारा उक्त कार्यवृत्तों की सम्पुष्टि कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिंदु संख्याः–** 10

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आहूत की गयी विद्या परिषद तृतीय से सप्तम बैठकों के कार्यवृत्तों पर चर्चा एवं सम्पुष्टि।

**विनिश्चय :** उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आहूत की गयी विद्या परिषद तृतीय से सप्तम बैठकों के कार्यवृत्तों पर चर्चा की गयी एवं मा0 सदस्यों द्वारा उक्त कार्यवृत्तों की सम्पुष्टि कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**बिंदु संख्याः–** 11

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय के नियमित नियुक्ति प्राप्त कर्मचारियों को पदोन्नति दिये जाने पर चर्चा एवं अनुमोदन।

उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में नियमित नियुक्ति प्राप्त कर्मचारियों को उनके नियत समयानुसार पदोन्नति दिये जाने एवं विश्वविद्यालय द्वारा गठित पदोन्नति समिति की संस्तुति के क्रम में अपने–अपने संवर्ग में पदोन्नति दिये जाने पर मा0 सदस्यों का अनुमोदन।

विनिश्चय : उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय में नियमित नियुक्ति प्राप्त कर्मचारियों को उनके नियत समयानुसार पदोन्नति दिये जाने एवं विश्वविद्यालय द्वारा गठित पदोन्नति समिति की संस्तुति के क्रम में अपने–अपने संवर्ग में पदोन्नति दिये जाने पर कार्य परिषद के मा0 सदस्यों द्वारा चर्चा की गयी। गठित पदोन्नति समिति द्वारा शासनादेशों का पालन किये जाने के क्रम में मा0 सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया है तथा यह भी अपेक्षा की गई है कि कुलसचिव कार्यालय से इस पर अग्रेत्तर कार्यवाही करे।

बिंदु संख्याः– 12

**अन्य बिन्दु मा0 कुलपति महोदय की स्वीकृति के उपरान्त।**

मा0 कुलाधिपति / श्री राज्यपाल महोदय, राजभवन के पत्र के क्रम में कार्य परिषद् के माननीय सदस्यों को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली एवं गतिविधियों के संबंध में मुख्य सचिव उत्तराखण्ड शासन द्वारा जॉच किये जाने के संबंध में कार्य परिषद् के मा0 सदस्यों को अवगत कराये जाने हेतु आदेशित किया गया था, सूचनार्थ।

विनिश्चियः– मा0 कुलाधिपति / श्री राज्यपाल महोदय, राजभवन के पत्र के क्रम में कार्य परिषद् के माननीय सदस्यों को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली एवं गतिविधियों के संबंध में मुख्य सचिव उत्तराखण्ड शासन द्वारा जॉच किये जाने के संबंध में कार्य परिषद् के मा0 सदस्यों को अवगत कराया गया व पत्र भी अवलोकित कराया गया ।

(एस0पी0 रावत)
उप कुलसचिव

(प्रो0 पी0 के0 गर्ग)
कुलपति